

02

मेहंदी प्रतियोगिता में अर्चना व मास्टर शेफ में चारुल प्रथम

आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

विद्या की देवी की आराधना अच्छा शगुन: राजेश नागर



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 03 मार्च 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, अमांत-फाल्गुन, शुक्ल पक्ष एकादशी/द्वादशी, मूल्य, 2.00 रुपए


# सड़क सुरक्षा रैली निकाली




रैली निकाल जागरूक करते हुए। **आज समाज**

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के आउटरीच प्रोग्राम के तहत प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में अंग्रेजी विभाग व यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के संयुक्त तत्वाधान में गोद लिए गांव चंदावली में सड़क सुरक्षाजागरूकता रैली निकाली गई।

इस रैली में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय चंदावली की छात्राएं व अग्रवाल कॉलेज के वॉलंटियर्स ने भाग लिया। रैली स्कूल से होते हुए बाजार तक निकली गई। रैली के उपरांत यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम कॉर्डिनेटर सुभाष कैलोरिया ने विद्यालय की छात्राओं को सडक सुरक्षा नियमों के बारे में अवगत कराया गया व नियमों पालन करने की शपथ भी दिलाई। अग्रवाल कॉलेज समय समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इस अवसर पर मुख्याध्यापिका वीरबाला सहित विद्यालय के अन्य अध्यापक सदस्य भी मौजूद रहे।